Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001
(Registration No-663/2003)
Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No 53 Date 27.4.2020

आदरणीय जिला पदाधिकारी महोदय,

नमस्कार,

सर्वप्रथम बिहार प्रशासनिक सेवा संघ आपकी कर्तव्यनिष्ठा, कर्मठता, बेमुरव्वत नीति और कठोर प्रशासन के लिए आपको बधाई देता है। संवेदनशील प्रशासन की अव्यावहारिक सोच को आप सिरे से खारिज कर देते हैं, हमें ऐसी जानकारी साक्ष्य के साथ प्राप्त हुई है। आखिर बिहार प्रशासनिक सेवा का एक जिम्मेवार पदाधिकारी, जो सदर अनुमंडल का अनुमंडल दंडाधिकारी हो, उसके बीमार होने का प्रमाण, उसका छुट्टी का आवेदन कैसे हो सकता है? इसके लिए आपके द्वारा मेडिकल बोर्ड गठित किया गया। उस कोरोना वारियर्स को आपके द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड ने बीमार करार दिया– इतना बीमार कि विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए उसे इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में रेफर होना पड़ा (मेडिकल बोर्ड की छाया प्रति सलंगन)।

आपको इस बात के लिए भी धन्यवाद कि आप यह मानते हैं कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के बगैर जिला प्रशासन को चला पाना असंभव है। तभी तो आपातकालीन परिस्थिति में और स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिया हुआ उसका अवकाश आवेदन भी आपके हृदयहीन, संवेदनहीन और निष्ठुर निर्णय के तहत मेडिकल बोर्ड गठित कर प्रतिवेदन की प्रतीक्षा में उसे और बीमार होने के लिए छोड़ दिया

जाता है या फिर किसी अलिखित कानून और प्रशिक्षण के तहत बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को गुलाम समझ कर उनका आत्मविश्वास कुचलने का प्रयास किया जाता है। ऐसा हमलोग मानते हैं कि बिहार के अनेको जिला पदाधिकरी का व्यवहार ऐसे मामलों में अद्वितीय रहा है। ''गंदगी तो देखने वालों की नजरों में होती है, वरना कचड़ा चुनने वालों को तो उसमें भी दो जुन की रोटी नजर आती है।''

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ आपके इस कृत्य का पुरजोर विरोध करता है। दिनांक– 25.04.2020 की रात्रि में वह पदाधिकारी क्रिटिकल हो गया था। दुआ करें हमारे साथ कि वह बिहारी पदाधिकारी ठीक हो जाय अन्यथा कुछ दुखद हुआ तो इसकी सारी जिम्मेदारी आपकी होगी। कृपया इस पत्र को अग्रिम नोटिस के तौर पर भी ग्रहण किया जाय। भविष्य में पदाधिकारियों से सम्मानजनक व्यवहार की अपेक्षा करता है। धन्यवाद!!

अनुलग्नकः यथोक्त

27/4/2020
(अनिल कुमार)

27/4/2020
(शशांक शेखर सिन्हा)

सेवा में,
जिला पदाधिकारी,
गया, बिहार ।